

## मकर संक्रांति पर्व पर जय अंबे, कालिका, देव डूंगरी माता की लोटन यात्रा

**▸ भंडारा प्रसादी संपन्न अतिथियों एवं भक्त मण्डल मंदिर समिति ने मातृशक्ति का वस्त्र वितरण कर किया सम्मान**



**मंदसौर। मकर संक्रांति पर्व के त्यौहार धार्मिक आयोजन के अवसर पर देव डूगंरी माता मंदिर परिसर रेवास देवड़ा रोड़ पर लोटल यात्रा निकाली गई व अतिथियों एवं भक्त मंण्डल, मंदिर समिति के ने मातृशक्ति का वस्त्र वितरण कर किया सम्मान।**

कल 14 जनवारी बुधवार को रेवास देवड़ा रोड़, स्थित चमत्कारी एक प्रसिद्ध मंदिर पर जय अंबे, कालिका देव डूंगरी माता मंदिर, माता रानी की विशाल लोटन यात्रा हूई। भंण्डारा मे नुक्ती पुड़ी का भोग लगाया। मंदिर परिक्षेत्र मे देव डुगंरी माता भक्त मंण्डल के द्वारा विशाल चल समारोह बेंडबाजो, ढोल ढमाकों के साथ धार्मिक भजनों के साथ बालजी मंदिर से निकाला गया। लोटल यात्रा मे मंदसौर विधायक विपीन जैन, पंडित श्रीकृष्णवल्लभ शास्त्री मालवा स्वामी, समिति अध्यक्ष बंशीलाल राठौर, सामाजिक कार्यक्रता राधेश्याम मारू, सरपंच दिनेश जाट, पंच कचेलिया तेली समाज के मनोहर राठौर, बंसतीलाल भाटी, महेश दुबे, प्रियाशंराज व्यास आदी अतिथीयों के अलावा धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी ने सहभगीता की। जय अम्बे, देवडूंगरी मातारानी भक्त मंण्डल, मंदिर समिति के सदस्य रामेश्वर सोंलकी, ने बताया की प्रतिवर्ष इस वर्ष भी लोटल यात्रा और भंण्डारा का आयोजन हुआ। अतिथीयों द्वारा मातृशक्ति को वस्त्र वितरण किया गया। समिति की और से अतिथयों को मातारानी के दुप्पटा पहनाकर सम्मान किया गया। सभी धर्मप्रेमीजनता ने भंण्डारे मे प्रसादी ग्रहण की।



## नारायणगढ़ न्यायालय में अतिरिक्त जिला न्यायालय की स्थापना को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने की पोर्टफोलियो न्यायाधीश से भेंट

**पिपलियामण्डी।** नारायणगढ़ न्यायालय में अतिरिक्त जिला न्यायालय की स्थापना को लेकर अभिभाषक संघ नारायणगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, इंदौर के पोर्टफोलियो न्यायाधीश माननीय सुबोध अभ्यंकर से सौजन्य भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने उक्त विषय को लेकर एक विस्तृत अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया।

प्रतिनिधि मंडल ने न्यायालय में बढ़ते प्रकरणों, अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों की सुविधाओं तथा त्वरित न्याय की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त जिला न्यायालय की स्थापना की आवश्यकता से अवगत कराया। पोर्टफोलियो न्यायाधीश ने विषय को गंभीरता से सुनते हुए इस संबंध में सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ नारायणगढ़ के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रवीणकुमार चौधरी, सचिव विनोद गुर्जर, कोषाध्यक्ष अखिलेश कौशिक सहित अभिभाषक संघ का प्रतिनिधि मंडल उपस्थित रहा। प्रतिनिधि मंडल ने आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही नारायणगढ़ न्यायालय को अतिरिक्त जिला न्यायालय की सौगात मिलेगी, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को न्यायिक प्रक्रिया में राहत मिलेगी।

## एक नजर में

### गौ-भैंसवंशीय पशुओं में नि:शुल्क खुरपका-मुंहपका टीकाकरण 31 जनवरी तक होगा

**मंदसौर।** पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उप सचांलक द्वारा बताया गया कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (ह्रष्टक्क-स्नस्ष्ठ) योजना के अंतर्गत जिले के समस्त गो-भैंसवंशीय पशुओं में खुरपका-मुँहपका टीकाकरण कार्यक्रम 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत 4 माह से अधिक आयु के समस्त गो-भैंसवंशीय पशुओं में नि:शुल्क खुरपका-मुँहपका टीकाकरण किया जाएगा। खुरपका-मुँहपका बीमारी होने पर पशुओं के मुंह में छाले एवं पेरों में घाव हो जाते हैं। दुधारू पशुओं में दूध देने की क्षमता कम हो जाती है। जिससे पशु पलकों को आर्थिक नुकसान होता है। बीमारी बढ़ने पर पशु की मृत्यु भी हो सकती है। संक्रमांक बीमारी एक पशु में होने पर पूरे ग्राम के पशुओं को प्रभावित करती है। बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय पशुओं का टीकाकरण ही है। पशुपालक अपने ग्राम के निकटस्?थ पशु चिकित्सा संस्थान से संपर्क कर अपने संपूर्ण ग्राम में टीकाकरण करवाएं।

### सुपर 5 हजार योजना के लिए 10वीं-12वीं के विद्यार्थी 31 मार्च तक करें आवेदन

**मंदसौर।** सहायक श्रम आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीबद्ध निर्माण श्रमिकों के पुत्र/पुत्रियों के लिए संचालित 'सुपर 5 हजार' योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं परीक्षा में प्रथम 5 हजार तथा 12वीं कक्षा में संकायवार प्रथम 5 हजार विद्यार्थियों की प्रावीण्य सूची श्रम सेवा पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। योजना अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को मंडल द्वारा एकमुश्त 25 हजार रुपये की नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। पात्र निर्माण श्रमिकों की संतानों द्वारा विद्यालय के माध्यम से निर्धारित आवेदन पत्र 31 मार्च 2026 तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजों में निर्माण श्रमिक का पोर्टल जनरेटेड परिचय पत्र, निर्माण श्रमिक/पंजीयन धारक की बैंक पासबुक की छायाप्रति (जिसका बैंक खाता विवरण परिचय पत्र में अंकित हो), संस्था प्रमुख द्वारा जारी वर्तमान में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी हेतु संबंधित विद्यालय या श्रम कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### साधारण सभा की बैठक 15 जनवरी को आयोजित होगी

**मंदसौर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक जिला जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक 15 जनवरी 2026 दोपहर 01.00 जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी।

### एक ही रात में गोवर्धनपुरा-बड़ोदिया क्षेत्र से 9 विद्युत पंप चोरी, किसानों में आक्रोश

**भानपुरा।** थाना भानपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोवर्धनपुरा-बड़ोदिया में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात चोरों के एक गिरोह ने किसानों को निशाना बनाते हुए करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य के 9 विद्युत पंप चोरी कर लिए। घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित किसानों के अनुसार चोरों ने खेतों में सिंचाई हेतु लगाए गए पांच हॉर्स पावर व तीन हॉर्स पावर क्षमता वाले कुल 9 विद्युत पंप पाइप सहित काटकर चुरा लिए। बुधवार को सभी पीड़ित किसानों ने एक साथ पुलिस थाना भानपुरा पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई तथा शीघ्र गिरफ्तारी व पंपों की बरामदगी की मांग की। पीड़ित किसानों दशरथ सिंह राजपूत, रविंद्र सिंह, पप्पू नायक, रणजीत सिंह, लक्ष्मण सिंह, राघवेंद्र सिंह, श्याम सिंह व नंदलाल चारण सहित अन्य ने एसआई प्रेमदास अटोलिया को सामूहिक आवेदन सौंपा। किसान श्याम सिंह निवासी गोवर्धनपुरा ने बताया कि उनके तीन विद्युत पंप पिछले दो वर्षों में एक ही स्थान से तीन बार चोरी हो चुके हैं, जिससे किसानों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। किसानों ने बताया कि गोवर्धनपुरा, रामनगर और बड़ोदिया तीनों गांव पास-पास स्थित हैं तथा मुख्य सड़क, तालाबनुमा बड़ी डबरी व नहर के आसपास के खेतों में लगे पंपों को चोरों ने निशाना बनाया। इस संबंध में थाना निरीक्षक रमेशचंद दांगी ने बताया कि मामले की जांच के लिए बीट प्रभारी सहित पुलिस टीम सक्रिय है और शीघ्र ही चोरी की वारदात का खुलासा करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।


### सभी बीएलओ नए मतदाताओं को फार्म -6 भरवाने में सहयोग करें : झा

**नीमच।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने बुधवार को वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने निर्देश दिए कि बीएलओं नये मतदाताओं का नाम जोडने के लिए फार्म-6 भरवाने के कार्य में सहयोग करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फार्म-6,7 व फार्म 8 निर्धारित का समयावधि में निराकरण करें। उन्होने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटी रहित एवं शुद्ध बनाना है। किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से छूटे नही और अपात्र मतदाता का नाम सूची मे शामिल ना हो पाए, इसका विशेष ध्यान रखे। वी.सी. में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारीगण, नीमच एनआईसी में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, एडीएम बी.एस.कलेश, एसडीएम संजीव साहू व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### डीएम ने किया कुख्यात बदमाश मिहीर शर्मा को जिलाबदर

**नीमच।** जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु चंद्रा व्दारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत ग्राम सोनियाना हा.मु.उदय बिहार नीमच निवासी मिहीर पिता गोपाल शर्मा को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश जारी किया गया है। उक्त अवधि में मिहीर शर्मा नीमच जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास, आगर मालवा जिले की राजस्व सीमा में तीन माह की अवधि तक प्रवेश नहीं कर सकेगा। अनावेदक मिहीर पिता गोपाल शर्मा के विरूद्ध पुलिस थाना केंट में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन है।

## पूर्व जिला केसरी एवं कांग्रेस नेता जगदीश पहलवान का निधन



**मंदसौर।** ग्वाला समाज के वरिष्ठ एवं कांग्रेस नेता जगदीश ग्वाला (पहलवान) का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया हैं। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उन्होंने कुश्ती खेल में मंदसौर का नाम गौरवान्वित किया हैं। कुश्ती में पूर्व जिला केसरी सहित अनेक खिताब उन्होंने जीते। वे सरल, सहज, सेवा भाव और धार्मिक प्रवृत्ति के थे।

उन्हें स्नेहीजन पहलवान साहब के नाम से जानते थे। लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े हुए थे। उनकी व्यवहार कुशलता को देखते हुए वार्ड 17 के चुनाव में भी कांग्रेस ने उन्हें तीन बार उम्मीदवार भी बनाया। इसके साथ ही ग्वाला समाज के आयोजनों में भी बड़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन से ग्वाला समाज को अपुरणीय क्षति हुई हैं। उल्लेखनीय हैं की वे बेहद हंसमुख और मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति रहे। वे शहर के जिन रास्तों से भी गुजरते थे वहां उनसे मिलने वालों और राम-राम करने वालों की होड़ लग जाती थी। आपके निधन से न सिर्फ ग्वाला समाज को बल्कि शहर को अपुरणीय क्षति हुई हैं। शहर ने एक मिलनसार व्यक्तित्व का नेता खो दिया हैं।

## लायंस क्लब श्री शक्ति की प्रेरणा से स्व. प्रेमलता बाई बंबोरिया का नेत्रदान

**▸ परिजनों ने कायम की समाजसेवा की मिसाल**



**पिपलियामण्डी।** लायंस क्लब श्री शक्ति पिपलियामंडी ने समाज में सेवा और संवेदनशीलता की भावना को प्रोत्साहित करते हुए स्वर्गीय श्रीमती प्रेमलताबाई बंबोरिया के परिजनों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया गया। परिजनों द्वारा लिया गया यह सराहनीय निर्णय दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी लेकर आएगा।

लायंस क्लब श्री शक्ति के पदाधिकारियों ने बताया कि नेत्रदान को महादान कहा गया है और स्व. श्रीमती प्रेमलताबाई बंबोरिया का यह पुण्य कार्य समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनेगा। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के निधन के पश्चात भी उसके नेत्र किसी जरूरतमंद को दृष्टि प्रदान कर सकते हैं, यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।

क्लब की पहल पर नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया नेत्र बैंक की विशेषज्ञ टीम की देखरेख में नियमों के अनुसार सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। इस दौरान परिजनों ने पूरी सहमति और संवेदनशीलता के साथ सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने बंबोरिया परिवार की इस महान पहल की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। लायंस क्लब श्री शक्ति ने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में सेवा, करुणा और मानवता की भावना सुदृढ़ होती है।

कार्यक्रम में लायंस क्लब श्री शक्ति की सदस्य नीलम जैन एवं प्रियंका जैन विशेष रूप से उपस्थित रहीं। क्लब द्वारा आमजन से भी नेत्रदान जैसे पुण्य कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

## 20 मंडल एवं 13 बस्तियों में संपन्न हुए हिन्दू सम्मेलन

**▸ पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन का आह्वान**

**मंदसौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिले के 20 मंडलों एवं 13 बस्तियों में क्रमशः आयोजित हुए। हिन्दू सम्मेलन श्रद्धा, संस्कृति और संगठन की भावना का सशक्त उदाहरण बने। इन सम्मेलनों में बड़ी संख्या में समाजजन, मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज को एक सूत्र में बांधते हुए धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

सम्मेलन में संत महात्माओं ने अपने प्रवचनों के माध्यम से हिन्दू धर्म की सनातन परंपराओं, भारतीय संस्कृति की महानता तथा जीवन में संस्कारों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। संतों ने कहा कि हिन्दू धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है, जो मानवता, करुणा, सह-अस्तित्व और प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने युवाओं से अपनी जड़ों से जुड़े रहने और भारतीय संस्कृति को अपनाने का आह्वान किया।

मातृशक्ति की सहभागिता सम्मेलन की विशेष पहचान रही। मातृशक्तियों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि परिवार और समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बच्चों में संस्कारों के रोपण, पारिवारिक एकता बनाए रखने और सामाजिक समरसता को सशक्त करने में माताओं की जिम्मेदारी पर बल दिया। मातृशक्तियों ने कहा कि यदि परिवार सशक्त होगा तो समाज और राष्ट्र स्वतः सशक्त बनेंगे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वक्ताओं ने संघ की 100 वर्षों की प्रेरणादायी यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संघ की स्थापना से लेकर आज तक उसका मूल उद्देश्य राष्ट्र निर्माण रहा है। वक्ताओं ने कहा कि संघ ने बीते एक शताब्दी में सेवा, संस्कार और संगठन के माध्यम से समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य किया है। शिक्षा, सेवा, सामाजिक समरसता, आपदा प्रबंधन और राष्ट्रभक्ति जैसे क्षेत्रों में संघ के स्वयंसेवकों का योगदान सर्वविदित है। संघ के वक्ताओं ने आगे बताया कि वर्तमान समय में समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए पंच परिवर्तन को आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है। पंच परिवर्तन के अंतर्गत *पहला विषय कुटुंब प्रबोधन बताया गया, जिसके माध्यम से परिवारों में संवाद, संस्कार, अनुशासन और भारतीय जीवन मूल्यों को पुनः स्थापित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। परिवार ही समाज की सबसे छोटी लेकिन सबसे मजबूत इकाई है।

दूसरा विषय सामाजिक समरसता पर केंद्रित रहा। वक्ताओं ने कहा कि जाति, वर्ग और आर्थिक भेदभाव से ऊपर उठकर एक समरस और संगठित समाज का निर्माण ही समय की आवश्यकता है। सभी वर्गों के बीच आपसी सहयोग और सम्मान की भावना विकसित कर ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव रखी जा सकती है।

तीसरा विषय पर्यावरण संरक्षण पर रखा गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण केवल सरकार का नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। जल, वन, भूमि और जीव-जंतुओं की रक्षा कर ही भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता को जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया गया।

चौथा विषय नागरिक कर्तव्य पर वक्ताओं ने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन भी उतना ही आवश्यक है। कानून का पालन, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा, स्वच्छता, मतदान और सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन ही सच्चे नागरिक का परिचय है। पांचवां विषय स्वदेशी पर केंद्रित रहा। वक्ताओं ने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि इससे न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी बल मिलेगा।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह : बसंत पंचमी पर सम्मेलन आयोजन के निर्देश

**नीमच।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना तहत 23 जनवरी 2026 बसंत पंचमी को सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करने के निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा जनपद सीईओ एवं सीएमओ, नीमच, जावद एवं मनासा को दिए गए है। सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजन के आयोजक संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रहेंगे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विवाह सम्पन्न कराने वाली प्रत्येक पात्र कन्या, कल्याणी, परित्यक्ता (जिसे आगे वधू कहा गया है) को 55 हजार रूपये के मान से स्वीकृत किये जायेंगे, जिसमें से 49 हजार रूपये डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी.) के माध्यम से तथा 6 हजार रूपये सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम आयोजन करने वाले आयोजनकर्ता निकाय को देय होगी।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना तहत कन्या तथा कन्या के अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हो, साथ ही इनका बी.पी.एल.पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा। उक्त योजनांतर्गत आयोजित विवाह सम्मेलन में सम्मिलित विवाह जोडो की न्यूनतम संख्या 11 एवं अधिकतम 200 जोड़ो की संख्या निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने संबंधित निकाय प्रमुखों को अपने निकाय क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों का चिंहाकन कर, मुख्यमंत्री विवाह कार्यक्रम आयोजन के निर्देश दिए है।

### आम आदमी पार्टी की आमसभा नीमच में आज

**नीमच।** आज 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे गौंड बस्ती शिक्षक कॉलोनी नीमच में एक आमसभा का आयोजन आम आदमी पार्टी द्वारा रखा गया है। यह सर्वविदित है की सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान के अंतर्गत आम आदमी पार्टी द्वारा जनमानस को जागरूक करने एवं भाजपा की कमियों को उजागर करने के लिए आम सभाये आयोजित की जा रही है। उक्त आमसभा में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एवं तमिलनाडु प्रदेश प्रभारी श्री पंकज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर सभा को सम्बोधित करेंगे।

**एक नजर** ▸ **गौशाला में गायों को गुड़, घास एवं चारा खिलाकर पुण्य लाभ लिया**

## भानपुरा में महंत योगी प्रकाशनाथ जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया





**भानपुरा। श्री सनातन धर्म मंडल भानपुरा के मार्गदर्शक एवं आशीर्वाददाता, श्री इंदरगढ़ मारुति आश्रम भानपुरा तथा श्री करवा खेड़ी आश्रम ताल के प्रमुख महंत योगी प्रकाशनाथ जी महाराज का 48वां जन्मोत्सव बुधवार 14 जनवरी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया।**

इस अवसर पर सुबह से देर रात तक सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एवं शुभचिंतक इंदरगढ़ मारुति आश्रम पहुंचे और महंत श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने आश्रम की गौशाला में गायों को गुड़, घास एवं चारा खिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

जन्मोत्सव समारोह में श्री सनातन धर्म मंडल भानपुरा के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान सहित डॉ. राजेंद्र दुबे, अशोक भालिया, रमेशचंद जोशी, भूपेंद्र कुमार सोनी, लालचंद रुद्रवाल, बाबूलाल मोदी, अशोक कुमार विश्वकर्मा, घनश्याम मेहर, पवन उपाध्याय, महेश कुमार विश्वकर्मा, धनराज चौहान, शुभम बंबोरिया, विनोद गौड़, योगेश गौड़, प्रदीप लोठिया, विक्रम बागड़िया, सोनू तंवर, विकास माली सहित गरोठ जनपद अध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान एवं साथियों ने महंत श्री का शाल, श्रीफल व पुष्पमालाओं से सम्मान किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने आश्रम में विराजित ब्रह्मलीन संत महंत श्री रामनाथ जी महाराज की गादी एवं गरोठ-भानपुरा क्षेत्र की सर्वाधिक विशाल बजरंगबली प्रतिमा के दर्शन भी किए।

### विधायक चंदर सिंह सिसोदिया ने भी किया दर्शन-पूजन

शाम 4 बजे पश्चात गरोठ-भानपुरा विधायक श्री चंदर सिंह सिसोदिया भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ इंदरगढ़ मारुति आश्रम पहुंचे। उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष भानपुरा आदित्य मंगरोलिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष भैसोदा उमेश पाटीदार, भाजपा महामंत्री अनिल कुमार राठौर, दिनेश कुमार मांदलिया, दिनेश रुद्रवाल, रामसिंह चौहान, देवीसिंह चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने महंत श्री का आशीर्वाद लिया एवं गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया। अपने उद्बोधन में महंत योगी प्रकाशनाथ जी महाराज ने कहा कि इंदरगढ़ मारुति आश्रम भानपुरा एवं करवा खेड़ी आश्रम ताल में आने वाले श्रद्धालुओं का अगाध प्रेम व स्नेह उन्हें भाव-विभोर करता है। उन्होंने इस अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों व शुभचिंतकों के उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर प्रगति की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।